# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका जुलाई 2025




नगर पालिक निगम भिलाई

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय में सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान चलाया गया

भिलाईनगर। स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत सफाई अपनाओ बीमारी भगावो अभियान चलाने भारत सरकार से निर्देश प्राप्त हुआ है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर 1 से 30 जुलाई तक मिशन के प्रमुख सिधांत स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता के क्रियान्वयन किया जाना है। जिससे नागरिको में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने अलग–अलग अभियान चलाया जाना है। प्रथम दिवस में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन जोन क्रं. 04 शिवाजी नगर खुर्सीपार के वार्ड क्रं. 41 छावनी स्वामी आत्मानंद स्कूल में अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 300 से अधिक स्कूली बच्चो ने हिस्सा लिया।

वार्ड क्रं. 45 बालाजी नगर पठान मोहल्ला में स्वच्छता के प्रति जागरूक होने एवं जल जनित बिमारियों के बचाव हेतु अभियान चलाया गया। हम सब ने ठाना है डेंगू मुक्त शहर बनाना है के नारे लगाकर रैली निकाली गई। इसी प्रकार जोन 01 नेहरू नगर अंतर्गत वार्ड क्रं. 05 कोसा नगर में पीआईयू सुभम पाटनी के नेतृत्व में प्राइमरी स्कूली बच्चों को स्वच्छता के संबंध में जानकारी दी गई। जोन क्रं. 03 मदर टेरेसा नगर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केम्प–01 में जोन स्वास्थ्य अधिकारी बीरेन्द्र बंजारे के नेतृत्व में स्कूली बच्चों को स्वच्छता के संबंध में जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे एवं वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के. के. सिंह द्वारा उपस्थित बच्चो को हाथ की स्वच्छता, घर की स्वच्छता, पड़ोस की स्वच्छता, शौचालय की स्वच्छता, स्वच्छ नाली व जल निकास एवं स्वच्छ सार्वजनिक स्थल के बारे में जानकारी दी गई। इस अभियान में जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, गठित टीम प्रभारी सुदामा परगनिया, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव, पीआईयू अभिनव ठोकने, युक्ति देवांगन, किस्टोफर पाल, जिला मलेरिया विभाग से मोहन राव, राजकुमार मर्सकोले, उमेश कपूर, स्कूल प्राचार्य सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे।





नगर पालिक निगम भिलाई

# 3 जुलाई गुरूवार को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाटरी आयोजित

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई में प्रधानमंत्री आवास योजना की खुली लाटरी निगम सभागार में दिनांक 03.07.2025 को समय दोपहर 3:30 बजे आयोजित किया गया है। निगम क्षेत्र में किरायेदारी के रूप में निवासरत वरिष्ठ नागरिकजन एवं दिव्यांगजनों द्वारा पूर्व में आवास हेतु विधिवत आवेदन भरकर योजना शाखा के काउन्टर कक्ष 16 में जमा किए है। जिन हितग्राहियों का नाम पात्रता की श्रेणी में आया है, उन सभी का नाम सूचना पटल पर चस्पा किया गया है।

हितग्राही लाटरी से पूर्व मकान के कुल राशि का 10 प्रतिशत अंशदान की राशि निगम कोष में जमा कर दें। राशि जमा करने पश्चात उन्हे लाटरी में शामिल कर भूतल के आवासों का आबंटन किया जाएगा। इस समाचार को सूचना मानकर संबंधित आवेदक निगम कार्यालय में निर्धारित समय व तिथि में उपस्थित होकर लाटरी में भाग ले।




**नगर पालिक निगम भिलाई**

# निगम एवं बीएसपी की संयुक्त टीम ने सिंगलयूज प्लास्टिक पर चलाया अभियान

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रं. 05 एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के संयुक्त टीम ने प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने अभियान चलाया। प्लास्टिक, झिल्ली, पन्नी का उपयोग प्रतिबंधित होने के बावजूद भी होटल, दुकान एवं ठेला व्यवसायियों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग किया जा रहा था। दुकानदारों एवं ग्राहकों द्वारा प्लास्टिक में सामग्री खरीदी–ब्रिकी करने के बाद उसका उपयोग कर इधर–उधर फेंक देते है, जिससे कारण शहर की सफाई व्यवस्था खराब हो रही है। सेक्टर क्षेत्र के सेंट्रल एवन्यु में ऐसे व्यवसायियों पर संयुक्त टीम द्वारा गंदगी फैलाने वालो पर चालानी कार्यवाही की गई। इस कार्यवाही के माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया एवं भविष्य में गंदगी न फैलाने हेतु निर्देशित किया गया। स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम को सफल बनाने नगर निगम भिलाई क्षेत्र में प्रत्येक सप्ताह इस प्रकार की कार्यवाही नियमित रूप से की जाएगी। कार्यवाही के दौरान सागर दुबे एवं भिलाई इस्पात संयंत्र से रमा यादव, बलराम शुक्ला अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे।



नगर पालिक निगम भिलाई

# निगम आयुक्त ने खुर्सीपार क्षेत्र में निर्मित बड़े नालो का किया निरीक्षण

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई में भारी बारिश से हुए जलभराव जैसे स्थिति को देखते हुए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय जोन 04 शिवाजी नगर खुर्सीपार क्षेत्र में नालों का निरीक्षण करने पहुंचे। खुर्सीपार क्षेत्र अंतर्गत भारी बारिश के कारण कुछ स्थलों में जलभराव जैसे स्थिति निर्मित हुई थी। भविष्य में इस तरह की स्थिति निर्मित न हो इसलिए जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे एवं स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के साथ नंदनी रोड स्थित करूणा हास्पिटल के पास तेल्हा नाला, छावनी स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर, बापू नगर हास्पिटल के पास नाला, वार्ड 44 लक्ष्मी नारायण नगर स्थित नाला, वार्ड 42 गौतम नगर नाला का निरीक्षण किए। सभी नालो में बहकर आए हुए ठोस अपशिष्ट को हटवाया जा रहा है।

जिसमें कुछ लोगों द्वारा नाला में अपने पुराने गददे, त्रिपाल, बोरी, प्लास्टिक एवं अनुपयोगी सामान डाला गया था, जिसके कारण नाला जाम हो गया था और पानी की निकासी नहीं हो पाई तथा परिस्थिति जलभराव वाली बनी। वर्षाऋतु हेतु सफाई सुपरवाईजर एवं सफाई कर्मियों को तीन पालियों में डयूटी लगाई गई है। जिससे आस–पास के निचली बस्तीयों में जलभराव की स्थिति निर्मित न हो।

निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, सहायक अभियंता प्रिया करसे, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थय अधिकारी हेमंत मांझी, बीरेन्द्र बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक अतूल यादव एवं अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।





**नगर पालिक निगम भिलाई**

# आयुक्त ने पाइप लाईन शिफ्टिंग एवं पार्किग के कार्यो का किया अवलोकन

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत जुनवानी रोड स्थित कोसानाला पुलिया के पास पाइप लाईन शिफ्टिंग का कार्य प्रगति पर है, जिसका निरीक्षण करने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय पहुंचे। पाइप लाईन शिफ्टिंग के कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कराने जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत एवं उपस्थित सहायक अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा को निर्देशित किए। विगत कुछ दिन पहले भारी बारिश के कारण कोसा नाला सप्लाई पाइप लाइन बैंड हो गया है, जिसका संधारण कार्य कराया जाना है जायजा लेते हुए आयुक्त ने तत्काल पाइप लाईन ठीक कराने निर्देशित किए हैं।

आकाश गंगा सब्जी मंडी पार्किंग स्थल में पेवर ब्लाक लगाने का कार्य किया जा रहा है। जिसका अवलोकन करते हुए आयुक्त ने गुणवत्ता युक्त कार्य कराने जोन आयुक्त को निर्देशित किये स पार्किग निर्माण से आकाशगंगा शॉपिंग काम्पलेक्स में आने–जाने वाले लोगो को सुविधा मिलेगी। प्रियदर्शिनी परिसर पश्चिम स्थित गुलमोहर उद्यान में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के अनुशंसा अनुसार विधायक निधि से कार्य होना प्रस्तावित है, जिसका निरीक्षण आयुक्त द्वारा किया गया। समिति से चर्चा अनुसार आवश्यक कार्यो को प्राक्कलन में शामिल करने का निर्देश कार्यपालन अभियंता अखिलेश चंद्राकर को दिए। टेनिस ग्राउण्ड एवं उद्यान में साफ–सफाई व्यवस्था बनाए रखते हुए ग्रास कटिंग हेतु उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किए। निरीक्षण के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला, उप अभियंता बसंत साहू उपस्थित रहे।






**नगर पालिक निगम भिलाई**

# विशेष बैठक के बाद सफाई युद्व स्तर पर जारी

भिलाईनगर। नगर निगम भिलाई महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने विशेष बैठक आयोजित कर दिए गए निर्देशानुसार निगम का स्वास्थ्य विभाग अमला युद्व स्तर पर कार्य कर रहे है। शहर के बड़े नालो का विशेष अभियान चलाकर चौन माउंटेनए जेण्सीण्बीण् एवं सफाई गैंग के माध्यम से सफाई कार्य कराया जा रहा है।

आयुक्त पाण्डेय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय राजमार्ग पर जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत एवं स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अलीए जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना की उपस्थिति में कोसा नाला में निर्माणाधीन पुल के नीचे निर्माण सामग्री को एजेंसी से ही हटवाया गया। इसी प्रकार खुर्सीपार के तेल्हा नालाए बापू नगरए गौतम नगर आदि सभी नालो के पुल एवं सकरे जगहो पर जे.सी.बी. एवं सफाई कर्मी लगाकर वृहद सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिससे होने वाले बारिश के पानी का निकासी निरंतर हो सके और अप्रिय स्थिति निर्मित न हो।



# विशेष बैठक के बाद सफाई युद्व स्तर पर जारी

भिलाईनगर। नगर निगम भिलाई महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने विशेष बैठक आयोजित कर दिए गए निर्देशानुसार निगम का स्वास्थ्य विभाग अमला युद्व स्तर पर कार्य कर रहे है। शहर के बड़े नालो का विशेष अभियान चलाकर चौन माउंटेनए जेण्सीण्बीण् एवं सफाई गैंग के माध्यम से सफाई कार्य कराया जा रहा है।

आयुक्त पाण्डेय के निर्देशानुसार राष्ट्रीय राजमार्ग पर जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत एवं स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अलीए जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना की उपस्थिति में कोसा नाला में निर्माणाधीन पुल के नीचे निर्माण सामग्री को एजेंसी से ही हटवाया गया। इसी प्रकार खुर्सीपार के तेल्हा नालाए बापू नगरए गौतम नगर आदि सभी नालो के पुल एवं सकरे जगहो पर जेण्सीण्बीण् एवं सफाई कर्मी लगाकर वृहद सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिससे होने वाले बारिश के पानी का निकासी निरंतर हो सके और अप्रिय स्थिति निर्मित न हो।





# मौसमी बिमारियों की रोकथाम हेतु मैलाथियान एवं टेमिफास का छिड़काव लगातार जारी

भिलाईनगर। नेहरू नगर के वार्ड क्रं. 05 कोसानगर अंतर्गत दीक्षित कालोनी एवं वार्ड 29 स्थित वृंदानगर अटल आवास के समीप मच्छर जनित रोग डेंगू, मलेरिया से बचाव एवं मच्छर उन्मूलन कार्यक्रम के तहत निगम का विशेष दस्ता एवं जिला मलेरिया विभाग के सर्वेलेंस कार्यकर्ताओं की संयुक्त टीम द्वारा घर–घर जाकर सर्वेक्षण एवं स्प्रेयर पम्प द्वारा मच्छर लार्वा नियंत्रण हेतु पानी मिश्रित एक्यूगार्ड एवं व्यस्क मच्छरों के नियंत्रण हेतु पानी मिश्रित मैलाथियान का छिड़काव कार्य संपादित किया गया। सभी सर्वेक्षित घरों में मच्छर रोधी आवश्यक स्वास्थ्य शिक्षा एवं पाम्पलेट वितरण में वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के. के. सिंह, सुदामा परगनिया एवं जिला मलेरिया विभाग से मोहन राव व उमेश कपूर का विशेष सहयोग रहा।

वार्ड क्रं. 44 लक्ष्मी नारायण नगर के गोकुल नगर लाईन में मौसमी बिमारियों की रोकथाम के लिए टेमिफास का छिड़काव लगातार जारी है। बरसात का पानी घर के बाहर रखे पात्रों में भर जाने के कारण मच्छर पनपने लगते हैं। जिससे बिमारियां होने की संभावना ज्यादा बनी रहती है। समस्या को दृष्टिगत करते हुए आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी को दवाई छिड़काव कराने निर्देशित किए हैं। जोन क्रं. 4 के स्वास्थ्य विभाग की टीम डोर–टू–डोर वार्डो में जाकर घरो के अंदर कुलर, पुराने टायर, पानी की टंकियों एवं अन्य जल भराव वाले सामग्रियों की जांच कर टेमिफास दवाई का छिड़काव कर रहे है, जिससे मौसमी बिमारी न फैले।





# वृक्षारोपण से पूर्व उद्यानों की साफ–सफाई निरंतर जारी

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के सभी जोन क्षेत्र के उद्यानों की साफ–सफाई कार्य निरंतर जारी है। पर्यावरण संरक्षण एवं उद्यानों को हरा–भरा रखने गाजर घांस, अनावश्यक फैले शाखाओं की कटाई–छटाई कराया जा रहा है। जिससे उद्यानों के रिक्त स्थलों पर वृक्षारोपण किया जा सके। उद्यान विभाग में कार्यरत प्लेसमेंटधनियमित कर्मचारी उद्यान अधिकारी एवं सहायक उद्यान अधिकारी के निर्देशानुसार कार्य कर रहे है। बरसात के दिनों में पर्यावरण के अनुकुल एवं प्रजातिवार पौधे रोपित किया जा रहा है। डिवाईडरो में भी शोभायमान एवं फुलदार पौधे लगाए जा रहे है, जिससे शहर की सुन्दरता को बरकरार रखा जा सके।

महापौर नीरज पाल एवं आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शहर के समाजसेवी संस्थाओ, समितियों एवं आम नागरिको से अपील किए है कि उद्यान विभाग के नर्सरी में पौधे उपलब्ध है। अधिकारी के नाम से आवेदन कर पौधे प्राप्त कर सकते है और अपने घरो, गली–मोहल्लो जहां भी रिक्त स्थल है, वहां पौधे लगाकर उसकी सुरक्षा स्वयं के देखरेख में कर सकते है। पर्यावरण प्रेमियों के लिए यह बहुत ही अच्छा मौका है, पर्यावरण से जुड़कर कार्य करें और हरियाली बनाए रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।





**नगर पालिक निगम भिलाई**

# गौठान एवं निर्माणाधीन नाला का आयुक्त ने किया निरीक्षण

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई नेहरू नगर अंतर्गत कोसा नाला स्थित गौठान का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। सड़को में बैठकर आवागमन को बाधित करने वाले आवारा पशुओ को पकड़कर गौठान में रखा गया है, जहां उनके खान–पान, चिकित्सकीय व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही इच्छुक गौ सेवकों से संपर्क कर गौठान परिसर में रेलिंग लगाकर वृक्षारोपण करने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किए। सुपेला मुख्य मार्ग से लगा हुआ निर्माणाधीन नाला का अवलोकन किया गया। निर्माण कार्य अविलंब एवं गुणवत्ता युक्त कराने कार्यपालन अभियंता अखिल चंद्राकर निर्देशित किया गया है। नेहरू नगर स्थित बाल उद्यान में अटल परिसर का निर्माण किया जाना है, जिस हेतु मूर्तिकार वीवीएन विन्सेंट नेल्शन से मिलकर नमूना प्रतिमा का अवलोकन कर अविलम्ब निर्माण हेतु चर्चा किए। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, सहायक अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, सहायक राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना सहित एजेंसी संजय उपाध्याय उपस्थित रहे।





# आयुक्त ने सी–मार्ट, मदर्स मार्केट एवं महिला गारमेंट फैक्ट्री का किया निरीक्षण

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई जोन क्रं. 04 अंतर्गत सी–मार्ट, मदर्स मार्केट, निर्माणाधीन महिला गारमेंट फैक्ट्री एवं सफाई कार्य का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे के द्वारा किया गया है। सी–मार्ट एवं मदर्स मार्केट के बंद दुकानों का नियमानुसार दर निर्धारण कर संचालन हेतु रूचि की अभिव्यक्ति ऑफर आमंत्रित की जाएगी । निर्मित दुकानों से निगम को राजस्व प्राप्ति होगी । आई.टी. आई समीपस्थ निर्माणाधीन महिला गारमेंट फैक्ट्री में चल रहे कार्यो का निरीक्षण किया गया। इस फैक्ट्री के निर्माण होने से स्थानीय महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के साथ रोजगार के अवसर प्राप्त होगें। कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा एवं निर्माणकर्ता एजेंसी को अविलम्ब एवं गुणवत्ता युक्त कार्य पूर्ण करने निर्देशित किया गया है।

खुर्सीपार सुभाष मार्केट, पुराना मछली मार्केट में निर्मित हाट बाजार का अवलोकन किया गया है। हाट बाजार का ऑफर आमंत्रित कर मार्केट को व्यवस्थित किया जाएगा। वार्ड क्रं. 44 लक्ष्मी नारायण वार्ड एवं वार्ड 45 बालाजी नगर में चल रहे नलियों की साफ–सफाई कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, वार्ड 46 के पार्षद के. जगदीश कुमार, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी उपस्थित रहे।





**Editorial Board**

**श्री राजीव कुमार पाण्डेय**
**रा.प्र.से.**
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**

**Contact & Address**

**श्री तिलेश्वर साहू**
**प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**